तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर



12 लोगों ने आवेदन पत्र समाधान पेटियों में डाले



12 जीवन में लोभ, क्रोध, चिन्ता से दूर रहकर सकारात्मक...





## अभियान पर रोक नहीं : सीजफायर करने की बात को भी किया खारिज

# हथियार छोड़ने के बाद होगी शांति वार्ता के ऐलान के बाद नक्सल संगठन सकते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर





छत्तीसगढ़ में तेजी से हो रहे नक्सलियों के खात्मे के बीच नक्सल संगठन की सेंट्रल कमेटी ने प्रेसनोट जारी कर केंद्र और राज्य सरकारों से शांतिवार्ता की पेशकश की थी जिसे सरकार ने सिरे से खारिज कर दिया है, जिसके बाद नक्सल संगठन सकते में है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की मांग थी कि पुलिस व सुरक्षा बलों द्वारा सीजफायर करते हुए चलाए जा रहे ऑपरेशन रोकते हुए युद्ध विराम किया जाए। सरकार ने उनकी दोनों मांग को सिरे से खारिज करते हुए हथियार छोड़ने के बाद शातिं वार्ता के लिए पहल होगा।

- नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी की मांग ऑपरेशन रोकने पर युद्ध विराम की बात सरकार ने नकारी

हालांकि सरकार की ओर से इस विषय पर अधिकारिक बयान नहीं आया है लेकिन हाल ही में केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह व छग के गृहमंत्री विजय शर्मा ने बस्तर प्रवास के दौरान हथियार छोड़ने पर ही शांतिवार्ता के लिए विचार किया जाएगा। छग प्रवास के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने नक्सल मुद्दे पर उच्च स्तरीय बैठक ली थी। जानकार उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो नक्सलियों के प्रस्ताव पर इस बैठक में कोई खास बात नहीं हुई है। दरअसल, नक्सलियों से शांतिवार्ता के सवाल पर केंद्र और राज्य सरकार का स्पष्ट स्टैंड है कि नक्सली पहले हथियार डाले उसके बाद वार्ता के लिए आगे आएं।

लगातार नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन में नक्सलियों के मारे जाने के बाद सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी करके कहा है कि वे सरकार के साथ युद्ध विराम को तैयार हैं यदि वो हमारे खिलाफ जारी ऑपरेशन को रोक दें। नक्सल संगठन ने माना है कि बीते 15 महीनों में उनके 4 सौ से अधिक साथी मारे गए हैं। छग के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों में नक्सलियों को लग रहे तगड़े झटकों के बीच वे शांति वार्ता के लिए तैयार हो गए हैं। शांति वार्ता का निर्णय लेने से पूर्व नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी की बैठक हैदराबाद में हुई थी। इसके बाद नक्सलियों के प्रवक्ता ने एक पर्चा जारी कर सरकारों से शांति वार्ता की पहल की थी।

### केन्द्रीय गृहमंत्री के प्रवास से पूर्व हुई थी शांति वार्ता की पेशकश

बस्तर संभाग में पिछले 15 माह में 4 सौ से अधिक नक्सलियों के मारे जाने की बात स्वीकार करते हुए नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी ने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दंतेवाड़ा प्रवास से एक दिन पहले पर्चा जारी कर शांति वार्ता की पेशकश की थी। हाल ही में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे ताबड़तोड़ अभियान में कई बड़े कैडर के नक्सली ढेर हो चुके हैं जिससे संगठन को बड़ा झटका लगा है। नक्सलवाद कमजोर पड़ता दिखाई दे रहा है, जिससे नक्सल संगठन में हड़कंप मचा हुआ है। इस बीच केंद्रीय मंत्री अमित शाह पिछले दिनों छग के दंतेवाड़ा जिले में आए थे। लेकिन इससे पहले ही राज्य के गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सलियों के शांति वार्ता के प्रस्ताव पर कहा था कि हथियार छोड़े बगैर बातचीत नहीं हो सकती।

### नए कैम्प खोलना सरकार के अधिकार क्षेत्र की बात

राज्य पुलिस के उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें तो सरकार नक्सलियों की इस शर्त मानने को कतई तैयार नहीं है कि नए सुरक्षा कैंप नहीं खुलना चाहिए। सूत्रों का कहना है ये सरकार के अधिकार क्षेत्र की बात है कि कहां कैंप खोले कहां थाना। इसी तरह नक्सलियों द्वारा पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा सीजफायर करने की बात को भी पूरी तरह खारिज किया गया है। खुद केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने दंतेवाड़ा में नक्सलियों से कहा है कि हथियार छोड़कर मुख्यधारा में लौट आएं। दंतेवाड़ा प्रवास के बाद केन्द्रीय गृहमंत्री ने सोशल मिडिया में ट्वीट कर जानकारी दी थी कि अगले साल तक प्रदेश नक्सल मुक्त हो जाएगा और बस्तर में फोर्स ने मोचार्बंदी कर रखी है।

## खबर संक्षेप

### जैन समाज करेगा नवकार महामंत्र का जाप आज

**जगदलपुर।** जैन समुदाय द्वारा देश सहित 108 देशों में विश्व शांति एवं सौहार्द के उद्देश्य को लेकर नवकार महामंत्र का जाप 9 अप्रैल को एक समय एकसाथ किया जाएगा। प्रातः 8:01 बजे से दंतेश्वरी मंदिर के सामने नवकार महामंत्र का जाप शुरू होगा। जैन समाज में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल को भी आंमत्रित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली में प्रातः 8.01 बजे करेंगे। यह जानकारी श्री जैन कुशल संगठन जगदलपुर के अध्यक्ष कमलेश पारख ने दी है।

### शिक्षकों ने रिक्त पदों पर पदोन्नति की उठाई मांग

**गीदम।** छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने जिले में सहायक शिक्षक से प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के रिक्त पदों पर अविलम्ब पदोन्नति कर शीघ्र काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना की मांग जिला शिक्षा अधिकारी से की है। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ दन्तेवाड़ा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार मिश्र ने यह बताया है कि हमने पदोन्नति के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से चर्चा की है। पदोन्नति के विलंब से होने के कारण पात्र शिक्षकों की व्यथा से अवगत करवाया। पदोन्नति पद रिक्तता के आधार पर सतत चलने वाली प्रक्रिया है।

## सुशासन तिहार

# नगरनार में 59, माड़पाल में 21 आवेदन पत्र मिले



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुशासन तिहार के प्रथम चरण में मंगलवार को तहत ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में आवेदन पत्र प्राप्त करने की शुरुआत हुई। जिसमें अपनी समस्या-शिकायत निराकरण के प्रति लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान कमिश्नर डोमन सिंह ने जगदलपुर विकासखण्ड के नगरनार तथा माड़पाल में ग्रामीणों से आवेदन पत्र प्राप्ति का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस मौके पर नगरनार एवं माड़पाल के आवेदन प्राप्ति स्थल पर स्वयं आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर सम्बन्धित आवेदकों रतनी बाई एवं फूलमनी अमदिया का उत्साहवर्धन किया, ।साथ ही ड्यूटीरत कर्मचारियों से पंजी में आवश्यक प्रविष्टि करवाने के उपरांत पावती देने कहा। वहीं ग्रामीणों को जरूरत के अनुरूप आवेदन पत्र लिखने के लिए सहायता देने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। कमिश्नर ने इस दौरान सुशासन तिहार में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु उपस्थित ⏭ शेष पेज 10 पर

- कमिश्नर ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आवेदन पत्र प्राप्ति का लिया जायजा
- सुशासन तिहार को लेकर लोगों में भारी उत्साह

### उद्देश्य को जन- जन पहुंचाने विभिन्न माध्यमों का उपयोग

*सुशासन तिहार के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए दीवार लेखन, बैनर-पोस्टर के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। वहीं शहरी क्षेत्रों में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के जरिए नागरिकों को जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण इलाकों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाया जा रहा है और हाट-बाजारों में भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस दौरान अवगत कराया गया कि नगरनार में 59 तथा माड़पाल में 21 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।*

# कांग्रेसियों ने फूंका गृहमंत्री और राज्य सरकार पुतला



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में दुर्ग में 6 साल की मासूम बच्ची के साथ घटित अमानवीय व शर्मनाक घटना को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा गृहमंत्री विजय शर्मा के इस्तीफे की मांग की गई। साथ गृहमंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी की राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया।

### बस्तर ब्लॉक की बीईओ बनी भारती

**जगदलपुर।** कलेक्टर के आदेश पर बस्तर ब्लॉक के प्रभारी बीईओ चन्द्रशेखर यादव व्याख्याता को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनपुंजी विखं जगदलपुर मूल शाला में भेजा गया है। संशोधन आदेश में भारती देवांगन सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी विखं जगदलपुर को अस्थायी रूप से आगामी आदेश पर्यन्त प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी, विखं बस्तर में कार्य करने हेतु आदेशित किया गया है। उन्हें आहरण संवितरण अधिकार सौंपा गया है।

### प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन होगा 20 को

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उप योजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास बालक-कन्या आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9 वीं में प्राक्चयन परीक्षा 20 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। विभाग की वेबसाइट पर क्लिक करके 20 अप्रैल तक डाउनलोड कर सकते है।

# जनसमस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से हो : देव



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने आज विधायक कार्यालय नयापारा में क्षेत्र की जनमानस से भेंट एवं मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनके निराकरण करने संबंधित विभाग को निर्देश दिए। सुबह से ही विधायक कार्यालय में भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जिसमें पेयजल आपूर्ति, सडक निर्माण, नाली निर्माण, देवगुड़ी का नवनिर्माण,राजस्व संबंधी, विधुत संबंधित व अन्य समस्याओं को सुनकर तत्काल कार्रवाई करते जिन समस्याओं का तत्काल निराकरण करना है उन समस्याओं को संबंधित विभाग से चर्चा कर तत्काल निराकरण किया गया। वहीं सड़क, पुलिया, नाली बोर खनन व अन्य समस्याओं को जल्द निराकरण करने की बात कही। देव ने कहा क्षेत्र के जनता ⏭ शेष पेज 10 पर

- विधायक से क्षेत्रवासियों की भेंट, समस्याओं के त्वरित निदान के लिये दिये निर्देश



# तितिरगांव में लगा स्वास्थ्य शिविर

**जगदलपुर।** आरफा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान पर तितिरगांव में एक ग्रामीण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बस्तर विश्वविद्यालय के एमएसडब्ल्यू विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। साथ ही विभाग की प्रोफेसर एलीश तिर्की जी भी उपस्थित रहीं। शिविर में रेटीना केयर अस्पताल के डॉ. अक्षय परसार, डीके परसार, उनके सहायक राहुल और नर्सिंग स्टाफ द्वारा गांव के लगभग 90 ग्रामीणों की नेत्र जांच की गई।

## ग्रामीणों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

# नक्सली प्रभावित गांव डुमरी में पहली बार बिजली पहुंचने पर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर। सर्वाधिक नक्सल प्रभावित क्षेत्र के एक सुदूर गांव में सात दशक से अधिक समय के इंतजार के बाद आखिरकार बिजली पहुंच गई है। नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के दूरदराज के गांव डुमरी पालनार में स्थानीय लोग बुनियादी सुविधाओं के बिना अंधेरे में जीवन गुजारने को मजबूर थे। गांव के सभी 40 घरों में आजादी के 77 साल बाद पहली बार नियद नेल्लानार योजना के तहत बिजली पहुंचाई गई है। नियद नेल्लानार योजना में विद्युत कंपनी की ओर से 11 केवी लाइन 8 किमी एवं निम्न दाब लाइन 5 किमी बिछायी गई। 3 वितरण ट्रांसफार्मर लगाया गया। ग्रामीणों ने कहा कि बिजली आने से भय और असुरक्षा का माहौल खत्म हो गया है। यह उनके जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे बच्चे अब आसानी से पढ़ाई कर सकते हैं और हमें आखिरकार लगता है कि हम विकास की राह पर हैं।



### रात के अंधेरे का डर नहीं

डुमरी पालनार निवासी पंडरू, मंगली और प्रमिला ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे बिजली की रोशनी देखेंगे, लेकिन निराशा की जगह आशा ने ले ली है। उन्होंने कहा कि पहली बार हमारे गांव में बिजली आई है। अब हमें रात के अंधेरे का डर नहीं है और हम जंगली जानवरों, सांपों और बिच्छुओं के खतरों से मुक्त हैं।

### क्षेत्र के एई व जेई को दिए निर्देश

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि बिजली संबंधित समस्या की सूचना मिलते स्थल में पहुंचकर उपभोक्ता को राहत दिलाएं।




## खबर संक्षेप

### भैंसाकन्हार क आंबा केंद्र एक में हुआ पोषण पखवाड़े का शुभारंभ

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत भैंसाकन्हार के आंगनबाड़ी केंद्र 1 में पोषण पखवाड़ा माध्यमिक शाला भैंसाकन्हार क की प्रधानपाठिका के द्वारा शुभारंभ कर हर्ष उल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से संयोजक बृजेश ऊके, लता नरेटी, अंकिता राणा, शिक्षा विभाग से घसनिन मंडावी, नमिता नरेटी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लक्ष्मी लाटिया, कामिन कोसमा, मितानिन सुरजा वट्टी, नीरा औरसा, सौहाद्र नरेटी एवं ग्राम की महिलाएं स्कूली छात्र छात्राएं व आंगनबाड़ी बच्चे उपस्थित रहें।

### महिला आईटीआई में लगेगा रजिस्ट्रेशन कैम्प 9 व 11 को

**कांकेर।** भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 1 करोड़ युवाओं को पांच सौ शीर्ष कम्पनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने के लिये एक व्यापक योजना पीएम इंटर्नशिप योजना 2.0 शुरू की गई है। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों के पंजीयन के लिए महिला आईटीआई में 9 एवं 11 अप्रैल को रजिस्ट्रेशन कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त दिवस को 21 से 24 वर्ष के आईटीआई उत्तीर्ण सभी व्यवसाय के प्रशिक्षणार्थी सम्पूर्ण दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर पंजीयन करवा सकते हैं।

### भानुप्रतापपुर सरपंच संघ के प्रदीप अध्यक्ष, रमल सचिव

**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड भानुप्रतापपुर के निर्वाचित सरपंच द्वारा मंगलवार 8 अप्रैल को गोंडवाना भवन में सरपंच संघ के पदाधिकारियों के मनोनयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। नवनिर्वाचित सरपंचों की सहमति से अध्यक्ष प्रदीप कोरेटी, उपाध्यक्ष महिला रीना पोटाई, पुरुष वर्ग से जगजीत नागेश, सचिव रमल कोर्राम, सह सचिव सियाराम उइके, कोषाध्यक्ष बेबी गावड़े, सलाहकार संरक्षण ढाल सिह राणा, प्रेम सिंह सलाम, कार्यकारणी सदस्य नरेन्द्र नेताम, तुमन मंडावी, राजेन्द्र ध्रुव,सोनू राम दर्रो,दिनेश गोटी, सतीश कोरेटी, अन्नू राम नरेटी, जैसो कोर्राम, दुलेश्वरी गौर,परमिया भुरकुरिया, पवित्रा कोला, जमुना सलाम, बिमला गोटा एवं राधा दर्रो को सरसम्मति से बनाया गया है। जगजीत नागेश ने बताया कि सचिव संघ के हड़ताल के चलते पंचायत संचालन में परेशानी हो रही है। आम जनता के मूलभूत कार्य भी नही हो पा रहे है। इस अवसर पर भानुप्रतापपुर विकासखंड के सभी सरपंच उपस्थित रहे।

## पेज 9 का शेष

### नगरनार में 59...

पंचायत पदाधिकारियों और अन्य लोगों को प्रोत्साहित किया। राज्य शासन के निर्देशानुसार शुभारंभ किया गया। कमिश्नर ने अपने भ्रमण के दौरान सुशासन तिहार के तहत आवेदन पत्र प्राप्ति स्थलों पर आम लोगों के बैठने की व्यवस्था हेतु छाया, दरी और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं आम जनता को सुशासन तिहार के बारे में अवगत कराने के लिए मैदानी अमले के जरिए प्रचार-प्रसार किए जाने कहा, साथ ही कोटवारों के माध्यम से मुनादी करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने बताया कि जिले में सुशासन तिहार को लेकर लोगों में भारी उत्साह है और आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। आवेदन पत्र प्राप्ति हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने सहित नियमित तौर पर मॉनिटरिंग के लिए भी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर अपर कलेक्टर प्रवीण वर्मा, डिप्टी कमिश्नर आरती वासनिक और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जनसमस्याओं का ...

से भेंट मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर उनकी समस्या का समाधान किया जा रहा है। जनता को किसी भी तरह की समस्या व परेशानी ना हो उस संबंध में कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है। जनता को मूलभूत सुविधा देना हमारा कर्तव्य है जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है।

---

रात 10 बजे से 12 बजे तक लाईट बंद रहने से शहरवासियों ने किया हंगामा

# ट्रांसफार्मर में हुआ ब्लास्ट साढ़े तीन घंटे रहा ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांग्रेस भवन के पास लगे ट्रांसफार्मर में बीती रात को ब्लास्ट होने के बाद आग लगने से तार जल गए और उसका यह प्रभाव रहा कि 33 केवी स्टेशन में भी दिक्कत हो गई, जिसके चलते बीती रात

- सोशल मीडिया में लाईट आने की जानकारी नहीं मिलने पर बढ़ी नाराजगी

को 10 बजे से 1 बजकर 40 मिनट तक ब्लैक आउट की स्थिति निर्मित हो गई। परेशान शहरवासियों ने केवी केंद्र पहुंचकर हंगामा भी किया। रात को जैसे तैसे लाईट चालू की गई और दिन में सुबह दो घंटे और शाम को डेढ़ घंटे तक सप्लाई बंद होने पर नगरवासी परेशान होते रहे।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस भवन के पास लगे ट्रांसफार्मर में रात को लगभग पौने 10 बजे के आसपास ब्लास्ट की आवाज आई, उसके चलते 33 केवी सब सेंटर प्रभावित हो गया और पूरे शहर की लाईट गोल हो गई। ट्रांसफार्मर के ब्लास्ट होते ही उसके नीचे लगी घास में आग लग गई, जिससे कई तार जलकर खाक हो गए। सीएसईबी के एक टीम कांग्रेस भवन के पास लगे ट्रांसफार्मर को ठीक करने के लिए पहुंची, वहीं दूसरी टीम सब स्टेशन में आई गड़बड़ी को ठीक करने में जुट गई। कांकेर के पूरे शहर क लाईट गोल होने से





### 8 अप्रैल को दिन में दो बार रहा ब्लैक आउट

सीएसईबी के सब इंजीनिरयर वीके ओंटी ने 8 अप्रैल को सुबह 10 बजकर 40 मिनट पर वाट्सएप ग्रुप में मैसेज पोस्ट किया कि सिविल लाइन फीडर में ट्रांसफार्मर लगाने और सीटी प्रोटेक्शन नया लगाने का कार्य करने के लिए 2 घंटे तक सप्लाई प्रभावित रहेगा। 11 बजे लाईट बंद हो गई जो ढाई घंटे बाद चालू हो पाई। विभाग को दो घंटे के बजाए ढाई घंटे लग गया। बिजली आने के ढाई घंटे बाद फिर से शाम 4 बजे सिविल लाईन फीडर की लाईट बंद हो गई। सब इंजीनियर ने बताया कि नया ट्रांसफार्मर लगाया है, दो फेस में लाईट नहीं आ रही है, उसका सुधार करने के लिए सप्लाई बंद किया गया है।



हडकंप मच गया और एक से दो घंटे तक लोग लाईट आने का इंतजार करते रहे, परंतु दो घंटे बाद भी लाईट नहीं आई तो लोगों का गुस्सा शिकायत वाले वाट्सग्रुप में निकलने लगा।

लाईट कब आएगी और कितना समय लगेगा का जवाब नहीं मिलने पर शहर के लोग 33 केव्ही स्टेशन पहुंचकर हंगामा करने लगे। सोशल मीडिया में लगातार आ रहे प्रश्न के जवाब किसी अधिकारी के द्वारा दिया जाता तो रात में जो हंगामे की स्थिति निर्मित हुई, उससे बचा जा सकता था। विभाग के उच्च अधिकारियों ने मौन साध लिया और आमजनता के प्रति अपनी किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं समझी, उसी के चलते रात की स्थिति बिगड़ी। सब इंजीनियर रात को स्वयं फाल्ट दूढ़ने के लिए निकले, ऐसे में वो जवाब नहीं दे पा रहे थे कि लाईट कब तक आएगी।

### घटिया सामग्री के कारण हो रही दिक्कतें, कहीं षडयंत्र तो नहीं

जानकारों की माने तो विभाग में घटिया स्तर की सामग्री सप्लाई किया जा रहा है, जिसके चलते बार बार फाल्ट की स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे आमजनता परेशान होती है। आमजनता के बार बार परेशान होने से इनवर्टर व्यवसायियों को इनवर्टर बेचने का मौका मिल जाता है। बिलासपुर में अधिकारी व्यापरियों से मिलकर ऐसा खेल जानबूझकर खेलते थे, जिस पर कई अफसरों पर कार्रवाई हो चुकी है। यह खेल कहीं कांकेर में तो नहीं हो रहा है, यह भी जांच का विषय बनता है।

### फाल्ट ढूढ़ने में लग जाता है समय

सीएसईबी के नीचे का अमला जितना होना चाहिए, उतना स्टाप नहीं होने के कारण ही दिक्कतें लगातार बढ़ते जा रही है। उपभोक्ताओं की संख्या और बिजली की खपत लगातार बढ़ते जा रही है, परंतु उसके अनुपात में विभाग के लिए जो सुविधाएं बढ़ाई जानी चाहिए, वो नहीं बढ़ाई गई, जस का तस है। इस समस्या के लिए विभाग के उच्च अधिकारी गंभीर नहीं है और उसी का परिणाम है कि शहर में फाल्ट खोजने के लिए विभाग के सीमित अमले को एक से दो घंटा लग जाता है।

### समस्या को ठीक करने दो दिन का दिया गया समय

अधीक्षण अभियंता चंद्रहास मरकाम से इस विषय पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, उन्होने बताया कि शहर की टीम को इस पूरी दिक्कतों को ठीक करने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। वाट्सएप ग्रुप में भी संबंधित अधिकारियों को जानकारी देने के लिए निर्देशित किया गया है।

---

# भंडारसिवनी में लगा सात पाली पारंपरिक वार्षिक मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

फरसगांव ब्लाक के ग्राम भंडारसिवनी में मंगलवार को पारंपरिक सात पाली वार्षिक मेले का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें आस पास गांव के देवी देवताओं के साथ बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी देवी देवता गांव के शीतल मंदिर में एकत्रित हुए, जिसके बाद सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना की गई।

- देवी देवताओं के संग ग्रामीणों ने की मेला स्थल की ढाई परिक्रमा

देवी देवताओं के संग ग्रामीणों ने मेला स्थल की ढाई परिक्रमा कर मेले को संपन्न किया। इस मेले में हर वर्ष की तरह आस पास चांदागांव, चरकई, मोहलई, भंडारसिवनी, जुंगानी कलार, कुल्हाड़गांव, माझीबोरोंड सहित अन्य गांव के देवी देवताओं के साथ ग्रामीण शामिल होंगे। वहीं वार्षिक मेले के अवसर पर राज्य स्तरीय रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### आमागुहान में 12 अप्रैल को एक दिवसीय देवमेला

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के ग्राम पंचायत दमकसा के आश्रित ग्राम आमागुहान का एक दिवसीय वार्षिक मेला व मड़ई 12 अप्रैल दिन शनिवार को आयोजित किया गया है। ग्राम गायता रमेश देहारी, ग्राम पटेल प्यारे लाल दुग्गा, रत्ते देहारी, विष्णु उईका, मानक गुरुवर, उपसरपंच बीरेंद्र देहारी, दीपक देहारी ने बताया कि मेला एवं मड़ई में आसपास के देवी देवता डांग, डोली गायता, पटेल, कोटवार शामिल होंगे साथ हीं रात्रिकालीन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक संस्था मया के छाँव की प्रस्तुति होगी।

---

# नशे में धुत पति ने पत्नी के साथ की जमकर मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापपुर में आरोपी पति नशे में धुत होकर घर पहुँचकर बेवजह की बात को लेकर अपनी पत्नी के साथ

- पत्नी ने जान बचाने थाने में लगाई गुहार



जमकर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। पत्नी ने मारपीट से परेशान और जान बचाने को लेकर थाना में शिकायत किया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे सुभाषपारा निवासी 20 वर्षीय संतरी श्रीवास्तव पति अखिल श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि 5 वर्ष पूर्व अखिल श्रीवास्तव निवासी सुभाषपारा के साथ साई मंदिर में प्रेम विवाह किया था और अब एक बच्चा भी हो गया है। विगत 2-3 माह से मेरे पति अखिल श्रीवास्त नशे मे धुत होकर घर आते है और गाली गलौज करते रहते है। मना करने पर मारपीट करने लगता है। मेरे पति 4 अप्रैल की रात करीबन सवा 12 बजे नशे में धुत होकर आएं और बेवजह की बात को लेकर घर के सामने मुक्का व लात से मारपीट करने लगे। जान से मारने की धमकी देते हुए मेरे गला को दबाने का प्रयास किया। मेरे पति के मारपीट को देखकर मेरे ससुर अजय श्रीवास्तव, मेरी ननद पिंकी श्रीवास्तव ने बीच बचाव किया। ससुर और ननद के द्वारा बीच बचाव नहीं किया जाता तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। पति के द्वारा जान से मारने की नीयत से गला को दबाने से गले मे चोट आई है। मारपीट से मेरे शरीर मे दर्द हो रहा है। पत्नी की शिकायत पर भानुप्रतापपुर पुलिस ने आरोपी अखिल श्रीवास्तव के खिलाफ धारा 115, 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# फरसगांव नपं के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण



**फरसगांव।** नगर पंचायत के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष मूलचंद पाण्डे ने मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर उपाध्यक्ष कक्ष के द्वार में फीता काटने के बाद विधिवत पूजा अर्चना कर पद भार ग्रहण किया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने उपाध्यक्ष मूलचन्द पांडे को शॉल पहनाकर व गुलाब फूल भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत पात्र, पार्षद राजकुमारी नेताम, संगीता राव, विनोद पांडे, नरेंद्र गौर सहित, तरुण साना, विशु शिकदार, चंपा पांडे, गणेश दुग्गा, गणेश जायसवाल, सुरेश जायसवाल, दीपेंद्र मसीह, प्रवीण राव, मुकेश पांडे, मोहित सिंग सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# देवमेला में हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल नृत्य में आंशिक ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केसकाल

ब्लॉक के ग्राम बनिया गांव में आयोजित देव मेला में गांव के लोगों द्वारा रात्रिकालीन नन्हे बच्चों के लिए डीजे के धुन पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मेला देखने पहुंचे दर्शकगणों के मनोरंजन के लिए गांव के युवा सरपंच व जागरूक लोगों ने आयोजन का संचालन किया। आयोजन में गांव व दूर दूर से भी आए लोगों ने शिरकत की। आयोजित प्रतियोगिता में सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा ग्रुप भानपुरी व युगल नृत्य में कालाहांडी ग्रुप ओडिशा साथ ही एकल नृत्य में आंशिक मरकाम ने बाजी मारी। इन विजेताओं को मेला आयोजन समिति द्वारा आकर्षक पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया।



# चार बीनने गई महिला पर पति ने टंगिया से हमला कर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

गुमडीडिही में चरित्रशंका को लेकर आरोपी पति ने पत्नी के ऊपर टंगिया से हमला कर उसे घायल कर दिया। पीड़िता चार बीनने के लिए जंगल में गई थी, तभी अचानक पति ने घटना को अंजाम दिया। पति की हरकत से परेशान पत्नी ने पुलिस के पास शिकायत किया है।

दुर्गूकोंदल थाना में शिकायत करने पहुंची गुमडीडिही निवासी 38 वर्षीय बुधनतीन नेताम पति हीरू राम नेताम ने पुलिस को बताया कि 7 अप्रैल को सुबह अपने परिवार वालों के साथ चार बीनने जंगल की ओर गई थी। दोपहर करीबन 12 बजे मेरे पति हीरू राम नेताम ने आकर मुझे बोला तुम्हारा किसी दूसरे आदमी के साथ संबंध है। ऐसा कहते हुए मेरे पति ने गाली देना शुरू कर दिया और हत्या करने की नीयत से अपने हाथ में रखे टांगिया से मेरे सिर हमला कर दिया। मेरे पति द्वारा हमला करने से बाएं हाथ में चोट आई। जैसे तैसे करके अपना जान बचा के जंगल से भाग निकली। अगर मै अपना बचाव नहीं करती तो मेरे साथ बड़ी अनहोनी हो सकती थी। आरोपी द्वारा इसके पूर्व भी कई बार मेरे चरित्र के ऊपर शंका कर मारपीट किया जाता रहा है। मेरे को डर है कि मेरा पति मेरी कभी भी हत्या कर सकता है। जंगल में जान बचाते हुए नहीं भागती, तो मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी हीरू राम नेताम पिता मसीया राम नेताम के खिलाफ धारा 109, 296 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।



---

नपं अध्यक्ष ने सुनी नागरिकों व राहगीरों की मांग

# मुख्य चौक में हो रहा ब्रेकर का निर्माण तेज रफ्तार पर कसी जाएगी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शहर के मुख्य चौक में तेज गति से चलने वाले वाहनों को पुलिस ने

- वाहनों की तेज रफ्तार पर लगेगा अंकुश, दुर्घटनाओं की आशंका भी होगी कम

कई बार चालान किया, परंतु गति पर ब्रेक नहीं लग रहा था। नगरवासियों की मांग पर नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर के निर्देश पर वाहनों की गति को रोकने के लिए ब्रेकर लगाने का कार्य शुरू किया गया।

मुख्य चौक पर लगातार हो रहे हादसों की शिकायत मिलने पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कार्यभार संभालते ही नगर की बड़ी समस्या एवं नागरिकों का भय से मुक्त कराने मुख्य चौक में ब्रेकर निर्माण का निर्देश दिया गया था, जिसका कार्य संबंधित विभाग ने शुरू किया, जिसका निरीक्षण नगर पंचायत अध्यक्ष अपनी टीम के साथ मौके पर निरीक्षण करने पहुँचे। उन्होने कहा कि भानुप्रतापपुर मुख्य चौक में तेज वाहन और दुर्घटना होते हुए मैने कई बार देखा है। दुर्घटना से कई परिवार को उजड़ते हुए देखा। नगरवासियों ने ब्रेकर निर्माण की अपील किया था, जो प्रारंभ किया गया है। इसके बाद अब अस्पताल, हाई स्कूल के सामने, शिव चौक में ब्रेकर बनाने का निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिया गया है, बहुत जल्द उक्त स्थानों पर वाहनों की गति को कम करने के लिए ब्रेकर बनाए जाएंगे। ब्रेकर निर्माण हो जाने से तेज वाहन पर अंकुश लगेगा और साथ ही दुर्घटना कम होगा।



### नगरवासियों की मांगो का होगा निराकरणः नपं अध्यक्ष

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नगरवासियों की प्रमुख मांगो के निराकरण के लिए सदैव मैं उनके साथ खड़ा हूं, सिर्फ बताने की जरूरत है। पूर्व मंडल अध्यक्ष नरोत्तम चौहान ने कहा कि विगत पांच वर्षो से कांग्रेस के कार्यकाल में ब्रेकर निर्माण मांग किया गया, लेकिन नहीं कराया गया। भाजपा के नगर पंचायत अध्यक्ष बनते ही नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने नगरवासियों की पांच साल पुरानी मांग को एक झटके में पूरा कर दिया।

# सुशासन तिहार में सुनी जाएगी आम जनता की समस्या आवेदन प्रकिया हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार आमजनता की समस्याओं से अवगत होने जिले में सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है, जो आज से 31 अप्रैल तक तीन चरणों में किया

- कलेक्टर ने की जिलेवासियों से सुशासन तिहार का हिस्सा बनने की अपील
- 5 से 31 मई तक किया जाएगा समाधान शिविरों का आयोजन : कलेक्टर

जाएगा। सुशासन तिहार 2025 के पहले चरण का आगाज शुरू हो गया है, जिसके तहत 11 अप्रैल तक आवेदकों के द्वारा उनकी मांगों व शिकायतों से संबंधित प्रपत्र निर्धारित प्रारूप में समाधान पेटी में डाला जाएगा। जिले के कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा है कि सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों तथा नगरीय निकाय के वार्डों में समाधान पेटी रखी गई है, जिसमें अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को आवेदन पत्र में लिखकर समाधान पेटी में डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने के लिए कॉमन सर्विस सेंटर का भी उपयोग किया जा सकता है।




### समस्याओं का किया जाएगा त्वरित समाधानः कलेक्टर

कलेक्टर ने बताया कि सुशासन तिहार के तीसरे एवं अंतिम चरण में आमजनता की समस्याओं के निराकरण के लिए आगामी 05 मई से 31 मई तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आवेदकों को उनके आवेदनों की यथासंभव समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। निराकरण की गुणवत्ता परखने राज्य स्तर के मंत्रीगण एवं आला अधिकारी भी शिविर स्थल में पहुंचेंगे। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे सुशासन तिहार का हिस्सा बनकर अपनी विभिन्न मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदनों का समाधान करा सकते हैं।

**खबर संक्षेप**

### पंचायत सचिवों ने निकाली रैली

**जगदलपुर।** पंचायत सचिवों ने शासकीयकरण की मांग को लेकर जिले में रैली निकाली और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सचिव संघ का कहना है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो वे 20 अप्रैल से दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे। गौरतलब है कि जिले के करीब 170 पंचायत सचिव 17 मार्च से हड़ताल पर हैं, जिससे 29 विभागों के 200 से अधिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जाति प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना, आवास सर्वे, नामांतरण, और मनरेगा जैसे अहम कार्य ठप पड़े हैं। सचिव संघ के जिलाध्यक्ष डी. माधव राव ने बताया कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण का वादा किया गया था। 30 वर्षों से सेवा दे रहे सचिवों को उम्मीद थी कि इस वादे को पूरा किया जाएगा।

### नशे में धुत पति ने पत्नी के साथ की जमकर मारपीट

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर में आरोपी पति नशे में धुत होकर घर पहुँचकर बेवजह की बात को लेकर अपनी पत्नी के साथ जमकर मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दिया। पत्नी ने मारपीट से परेशान और जान बचाने को लेकर थाना में शिकायत किया। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे सुभाषपारा निवासी 20 वर्षीय संतरी श्रीवास्तव पति अखिल श्रीवास्तव ने पुलिस को बताया कि 5 वर्ष पूर्व अखिल श्रीवास्तव निवासी सुभाषपारा के साथ साई मंदिर में प्रेम विवाह किया था और अब एक बच्चा भी हो गया है। विगत 2-3 माह से मेरे पति अखिल श्रीवास्त नशे मे धुत होकर घर आते है और गाली गलौज करते रहते है। मना करने पर मारपीट करने लगता है।

**निधन**

### एस.के फूंडे

**जगदलपुर।** बस्तर जिला पत्रकार संघ की सदस्य श्रीमती सुलोचना फूंडे के पिता एस.के फूंडे 75 वर्ष



सेवानिवृत, अनुविभागीय अधिकारी, स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग) का आज निधन हो गया। कल 9 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे उनकी अंतिम यात्रा गृह निवास, ग्राम कालीपुर (अटल आवास के पास स्तिथ कॉलोनी) से मुक्तिधाम के लिए निकाली जायगी।

छग राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष ने किया युवाओं से संवाद

# नई राज्य खेल नीति बनाने के लिए युवाओं से लिया सुझाव



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा**

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्वविजय सिंह तोमर की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक ने जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अंतर्गत चल रहे खेल प्रतियोगिता और अन्य गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रदान की। बैठक के माध्यम से स्कूली छात्रों और युवाओं से नई राज्य युवा नीति बनाने के लिए सुझाव प्राप्त किए गए।

तोमर ने कहा कि सुकमा जिला आदिवासी बाहुल्य जिला है जिसमें खेल प्रतिभा की कमी नहीं है। सभी युवाओं में कुछ न कुछ खेल प्रतिभा छिपी हुई है। युवा आयोग के माध्यम से छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को निखारने का काम किया जा रहा है। क्रिकेट के साथ साथ अन्य खेलों में भी स्कोप बहुत ज़्यादा है। लक्ष्य अगर बड़ा है तो छोटी चीजों में उलझना नहीं है। राज्य में नई युवा नीति बनाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है जिसके लिए आप सभी के सुझाव की आवश्यकता है। पूरी सरकार छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने के लिए संकल्पित है। खूब पढ़िये खूब आगे बढ़िये। छत्तीसगढ़ सरकार आप सभी के साथ है। इसके पश्चात वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने भी युवाओं से संवाद किया।

कार्यक्रम में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, विश्वराज सिंह चौहान, दिलीप पेद्दी, संजय सोड़ी, जिला खेल अधिकारी जीआर मंडावी, जिला खेल संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में युवा प्रतिभागी और खिलाड़ी उपस्थित थे



## युवा आयोग अध्यक्ष पहुंचे दंतेवाड़ा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा**

युवा आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर आज अपने एक दिवसीय प्रवास पर दंतेवाड़ा पहुंचे। भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओ एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। श्री तोमर जिलापंचायत सभागार में आयोजित युवा आयोग के कार्यक्रम में शामिल हुए। युवा आयोग अध्यक्ष बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के दरबार पहुंच दर्शन कर सुख एवं समृद्धि की कामना की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिलापंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुणाल ठाकुर, धीरेन्द्र प्रताप, मुकेश शर्मा, सुनीता भास्कर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, खिरेन्द्र ठाकुर, मनीष सुराना, कुलदीप ठाकुर, सुमित भदौरिया, युवा मोर्चा जिला महामंत्री द्वय कृष्णकांत शिवहरे, राघवेंद्र गौतम, युवा मोर्चा जिला अभिशेख राठौर, उपाध्यक्ष अमन प्रताप सिंह, राजा पांडे, जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, वीरेश मिश्रा, मोहन ठाकुर समेत पदाघिकारी, कार्यकर्ता एवं युवा साथी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## सुशासन तिहार को लेकर लोगों में उत्साह



**हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में जनता जनार्दन की समस्याओं के निदान और उनसे रूबरू मुलाकात के लिए सुशासन तिहार का प्रदेश व्यापी शुभारंभ आज 8 अप्रैल से हो गया है तीन चरणों में आयोजित होने वाला यह सुशासन तिहर 31 मई तक चलेगा। प्रथम चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से ग्राम पंचायत नगर निकायों के कार्यालयों में सीधे आवेदन लिए जा रहे हैं। सुशासन तिहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। वंही दरभा जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप (पीडी) ने गांव गांव पहुंच कर लोंगो को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये जिसके लिए लेंड्रा ग्राम पंचायत से वाहनों को रवाना करते कहा की, सुशासन तिहर 2025 का आयोजन तीन चरणों में इस तिहार को सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं एवं एक पोर्टल बनाया जा रहा है।

## कांग्रेसियों ने फूंका गृहमंत्री का पुतला



**दंतेवाड़ा।** दुर्ग के मोहन नगर थानांतर्गत ओम नगर निवासी 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुयी दुराचार व हत्या तथा प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार घट रही अपराध की संवेदनशील घटना को गंभीरता से लेते हुए दंतेवाड़ा कांग्रेस कमेटी ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने व राज्य की लचर कानून-व्यवस्था सहित गृहमंत्री का पुतला दहन किया साथ ही इस्तीफे की मांग किया।

## आवासीय खेल अकादमी के लिए चयन ट्रायल 21 अप्रैल से



**हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा**

प्रदेश के स्कूली संस्थाओं में अध्ययनरत प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरित करते हुए राज्य सरकार द्वारा एक सराहनीय पहल की जा रही है। इसी क्रम में खेल में रुचि रखने वाले खिलाड़ियों को राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाता है।

खेल अधिकारी श्री वीरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि इस खेल अकादमी में खिलाड़ियों को खेलों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, बल्कि उन्हें शैक्षणिक सुविधा, पौष्टिक आहार, खेल परिधान, खेल सामग्री और विभिन्न प्रतियोगिताओं में भागीदारी का भी अवसर मिलेगा। यह सुविधा पूर्णतः आवासीय होगी, जिससे खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ शिक्षा भी प्राप्त होती रहेगी।

इस खेल अकादमी में चयन हेतु 21 से 23 अप्रैल और 25 से 27 अप्रैल के बीच राजधानी रायपुर में चयन ट्रायल आयोजित किए जाएंगे।

## नव नियुक्त सरपंच, उपसरपंच, व पंचों का सम्मान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर**



शासकीय हाई स्कूल कुड़कानार में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की सत्रहांत वार्षिक बैठक सह नवनियुक्त सरपंच, उप सरपंच, व पंचों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। सम्मान समारोह में संकुल केन्द्र कुड़कानार के अंतर्गत आने वाले तीन ग्राम पंचायत कविआसना,कुड़कानार, घाटकवाली के सरपंच, उपसरपंच, व समस्त पंचों का सम्मान प्राचार्य सईदा खान द्वारा तिलक, फूलमाला, जिम्मेदारी का प्रतीक पीले रंग का गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस बैठक व सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक ग्राम पंचायत में बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन , बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, ग्राम पंचायत शिक्षा समिति के दायित्व एवं कर्तव्य पर चर्चा कर समस्त जनप्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों से अवगत करवाया गया।

प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में सभी सरपंचों, उप सरपंचों, व पंचों का स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाने प्रेरित किया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के दायित्व व कर्तव्यों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत अपने पंचायत की शालाओं का भ्रमण कर शाला की मूलभूत सुविधाओं, आवश्यकताओं को चिह्नित करे और समस्याओं का निराकरण करे। जिससे कोई भी बच्चा शाला त्यागी ना हो। उद्बोधन की इस श्रृंखला में संकुल समन्वयक आयतु राम पाढ़े, दीपा मांझी, प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव ने भी सभी बच्चो को प्रतिदिन स्कूल भेजने के लिए सहयोग मांगा।

सम्मान समारोह में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर ठाकुर, ग्राम पंचायत कविआसना, कुड़कानार, घाटकवाली के सरपंच उपसरपंच, समस्त पंचगण, व शाला के समस्त शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित थे।



## बेलर में जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान ने आवेदन लिया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर**

सुशासन त्यौहार के तहत मंगलवार को ग्राम पंचायत बेलर विखं लोहंडीगुड़ा में लोगों के बीच पहुंच कर सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों को अवगत कराया गया। गांव की समस्या को लिखित रूप लिया गया, जिसमें मुख्य रूप से ग्रामीणों द्वारा शिकायत लिया गया। जनपद मुख्यालय में कोई लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अधिकारी कर्मचारी शिकायत लिखने सीट में मौजूद नहीं था। जबकि पूरे ग्राम में पानी की विकराल परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पानी की समस्या को देखते हुए कलेक्टर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कर्मचारी को जनपद मुख्यालय में शिकायत लिखने एक अधिकारी को नियुक्त करें। कार्यक्रम में चन्द्रभान कश्यप जिला पंचायत सदस्य, सरपंच संघ के सदस्य सिसाराम मंडावी, भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्रामीण मौजूद थे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./348/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रतिमा बघेल पति स्व. दुर्योधन बघेल जाति पनका ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पुत्री स्व. गोमती निवासी ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग. मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया है।

अतः आवेदिका के पुत्री स्व. गोमती पिता दुर्योधन बघेल ग्राम सोनपुर का दिनांक 19/07/2012 को मृत्यु हुई है। आवेदक प्रतिमा बघेल पति स्व. दुर्योधन बघेल जाति पनका ग्राम सोनपुर तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पुत्री स्व. गोमती मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 11/04/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 27/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर**

# नगर के कृष्ण कुंज का हाल बेहाल





**हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली**

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल क्रे निर्देश पर सभी जिले क्रे कलेक्टरो को कृष्ण कुंज विकसित करने क्रे लिए वन विभाग को न्यूनतम 1 एकड़ भूमि का आवंटन करने का निर्देश दिया गया था। कृष्ण कुंज को विशिष्ट पहचान दिलाने क्रे लिए सभी निकाय में एकरूपता प्रदषित करने क्रे लिए बाउंड्रीवाल गेट पर लोगो का डिजाइन भी एक समान तैयार किया गया हैं।

इसी तत्कालीन निर्देश क्रे कारण बचेली पुराना मार्केट में पुराने बचेली -बैलाडीला सडक में दाई और पहाड़ क्रे ऊपर वन विभाग द्वारा 1 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया। जहा बचेली एनएमडीसी क्रे जलवायु परिवर्तन बिभाग क्रे वित्त सहयोग से कृष्ण कुंज का निर्माण रकबा 1 एकड़ खसरा न. 1022 का निर्माण किया गया। जहा कदम्ब, आम, पीपल, अमरुद , नीम, बरगद, अनार, इत्यादि कई तरह क्रे वृक्षों का रोपण किया गया हैं।

कृष्ण कुंज निर्माण का तत्कालीन सरकार का मुख्य उद्देश्य जीवन उपयोगी व सांस्कृतिक महत्व क्रे वृक्षों को नगरीय क्षेत्र में संरक्षित करना हैं। ताकि आने वाली पीढ़ी को इसकी उपयोगिता समझ आ सके। लेकिन इसके विपरीत बचेली में वन विभाग द्वारा नगरीय क्षेत्र से दूर जहा सडक ही नहीं हैं। न ही पानी बिजली की जरा सी भी व्यवस्था हैं, कुंज क्रे लिए ज़मीन का आवंटन समझ से परे हैं। पहाड़ क्रे ऊपर बने कुंज में आधे से अधिक पौधे जल क्रे अवाभ में सुख चुके हैं, कुंज क्रे मध्य बनाये गए तालाब में लेश मात्र भी पानी नहीं हैं। आने जाने क्रे लिए सडक का नामो निशान ही नहीं हैं। यहाँ तक की कुंज क्रे मुख्य गेट में चढ़ने -उतरने क्रे लिए सीडी तक का निर्माण नहीं किया गया हैं। इस तरह शहरी इलाके से दूर कृष्ण कुंज का बनाया जाना पानी बिजली की व्यवस्था किये बीना सरकारी पैसे का दूरुपयोग और समझ से परे हैं।

## सीताराम कल्याण महोत्सव में शामिल हुए श्रद्धालु

**हरिभूमि न्यूज : मद्देड़**



ग्राम पंचायत मददेड में राम नवमी मेला सीताराम कल्याण महोत्सव प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान राम और सीता का विवाह उपरान्त सीताराम शिवालय राम मंदिर में राम नवमी का पांच दिवसीय मेला 6 से 10 अप्रैल तक आयोजित किया जाता है। रविवार 1 बजे श्रीसीताराम कल्याण महोत्सव तत्पश्चात भण्डारा हुआ। 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव एवं भंडारा आयोजन किया गया है। प्रतिदिन सुबह शाम मंदिर प्रांगण में हवन एवं प्रतिदिन संध्या सीता राम की शोभायात्रा निकाली जाती है।

ग्राम पंचायत मददेड के सरपंच सारदा सांड्रा, ग्राम पटेल पी सुशील कुमार, ग्राम उप सरपंच श्याम चित्तापुरी ने बताया है कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम मददेड में चैत्र नवरात्रि में पांच दिवसीय रामनवमी मेला का आयोजन किया गया जिसमें तीनों राज्य तेलंगाना महाराष्ट्र से व्यापारी ग्रामीण मेला में पहुंचे।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
- कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
- 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
- लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम

धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता - मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा, कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
- आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच
- बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया
- लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- चश्मा
- नासूर की शल्यक्रिया

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन
ISO 9001 CERTIFIED

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अधिकारी व कर्मचारियों की लगी ड्यूटी



जगदलपुर। सुशासन तिहार 11 अप्रैल तक आम जनमानस के लिए नगर निगम के 48 वार्डो में शिविर व कार्यालय में सीधे आवेदन लिए जा रहे हैं। सुशासन तिहार को लेकर जनमानस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। वार्डो में लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर समाधान पेंटी में जमा कर रहे हैं। सुशासन तिहार में अधिकारी व कर्मचारियों का ड्यूटी लगाई गई है। जनमानस की समस्याओं से संबंधित आवेदन के भरने के लिए वार्डो के शिविरों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे लोगों को अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन देने पर किसी प्रकार की समस्या ना हो।

### मातियाबिंद के मरीजों को घर तक पहुंचाया



जगदलपुर। कलेक्टर द्वारा अंधत्व निवारण कार्यक्रम की उपलब्धि में तेजी लाने के मिले निर्देश के परिपालन में 7 अप्रैल को डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सीएचसी बड़े किलेपाल के 20 मोतियाबिंद प्रकरण को ऑपरेशन उपरांत उनके घरों तक पहुंचाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़े किलेपाल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप बघेल के कुशल नेतृत्व में नेत्र सहायक अधिकारी रितेश चौधरी एवं श्रीमती शशि भगत के प्रयास से विकासखंड बस्तानार के तीनों सेक्टर बड़े किलेपाल, बस्तानार और बड़े काकलुर सेक्टर से इन 20 प्रकरण को लाया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के प्रभारी मीडिया अधिकारी शकील खान द्वारा बताया गया कि मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल जगदलपुर के नेत्र रोग विभाग के विभागा अध्यक्ष डॉ. छाया शोरी के नेतृत्व में ऑपरेशन मेडिकल कॉलेज के नेत्र विशेषज्ञ द्वारा किया गया था। इसमें नेत्र रोग विभाग के कर्मचारी रजनी बघेल, मनीषा ठाकुर, मंजू साहू, कांति मसीह, ममता नाग और देवीलाल सलाम का विशेष योगदान रहा।

## समस्या-शिकायतों के निराकरण के लिए ग्रामीणों ने दिखाया उत्साह

# लोगों ने आवेदन पत्र समाधान पेटियों में डाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य शासन द्वारा प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जनसंवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तीन चरणों में आयोजित सुशासन तिहार के अंतर्गत मंगलवार से शुरू प्रथम चरण में जिले के ग्रामीण इलाकों में समस्या-शिकायतों के निराकरण सहित योजनाओं के तहत मांगों के समाधान के लिए लिए ग्रामीणों ने उत्साह दिखाया और अपने आवेदन पत्र ग्राम पंचायत मुख्यालयों में स्थापित समाधान पेटियों में डाला। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में भी नागरिकों ने अपने बुनियादी सुविधाओं से सम्बंधित समस्याओं के निदान हेतु आवेदन पत्र समाधान पेटियों में डाला। जगदलपुर ब्लॉक के कुरंदी ग्राम पंचायत मुख्यालय में उत्सव जैसा माहौल परिलक्षित हुआ जब ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए सुबह ड्यूटीरत कर्मचारी पहुंचे तो पहले से ही ग्रामीण यहां अपनी समस्या सम्बन्धी आवेदन पत्र देने एकत्र हो गए थे। मौके पर उपस्थित सोनाधर बघेल ने बताया कि वह प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के लिए आवेदन कर रहे हैं। वहीं बीते महीने 60 वर्ष की आयु पूरी कर चुके बुजुर्ग गुरु बघेल ने कहा कि वे वृद्धावस्था पेंशन योजना से लाभान्वित होने के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भी अपनी समस्या और मांगों के निराकरण की आस लेकर आवेदन पत्र देने यहां पहुंची थीं। आवेदन पत्र प्राप्त करने के लिए ड्यूटी में लगे माड़पाल के शिक्षक सूर्यपाल कश्यप ने बताया कि कई बुजुर्ग ग्रामीण आवेदन लिख नहीं पाते उनका आवेदन पत्र तैयार कर उन्हें दे रहे हैं। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार-2025 आयोजन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है।



### तीन चरणों में आयोजन

सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में होगा। पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सुशासन तिहार के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों,जनपद पंचायत कार्यालय, तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, जिला कार्यालय इत्यादि में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। इन स्थलों पर समाधान पेटी रखी गई है, ताकि लोग अपनी समस्याएं और शिकायतें निःसंकोच लिखकर उसमें डाल सकें। आवेदन प्राप्त करने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था हाट-बाजारों में भी की गई है। साथ ही ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल में व्यवस्था है।

## इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में विश्व स्वास्थ्य दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस साल का थीम स्वस्थ शुरुआत आशापूर्ण भविष्य था, जिसमें मातृ और शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया।थीम को ध्यान में रखते हुए, छात्रों द्वारा पोस्टर प्रस्तुति आयोजित की गई, जिसमें नवजात शिशु की देखभाल, भ्रूण परिसंचरण, मानवमिति माप, स्वास्थ्य कार्यक्रम और स्कूल स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों ने विभिन्न स्वास्थ्य मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए अपने विचार प्रस्तुत किए और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम में संस्थान के समस्त स्टाफ और छात्र उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर इस महत्वपूर्ण दिन को यादगार बनाया और स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर ज्ञान प्राप्त किया।




## सर्पदंश से बचाव से संबंधित कार्यशाला में विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस के निर्देश पर जिले में सर्पदंश से बचाव एवं सर्पदंश से होने वाली मृत्यु पर रोक लगाने हेतु दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महारानी अस्पताल में किया गया। गुजरात से आए विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ.पीसी पटेल और स्नेक बाइट हीलिंग एंड एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष प्रियंका कदम के द्वारा बस्तर जिले के सभी सातों ब्लॉक के बीएमओ, आरएमए और स्टाफ नर्स को सर्पदंश से बचाव तथा उपचार सम्बन्धी विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान डॉ पीसी पटेल जिन्हें सर्पदंश से बचाव सम्बन्धी 35 साल का अनुभव और 20 हजार से अधिक सर्पदंश केस के इलाज का अनुभव है, उनके द्वारा बचाव के साथ ही आरंभिक उपचार और सघन ईलाज के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। वहीं अध्यक्ष स्नेक बाइट हीलिंग एंड एजुकेशन सोसाइटी प्रियंका कदम ने सर्पदंश से बचाव के लिए स्थानीय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता निर्मित करने पर बल देते हुए विशेष तौर पर वनांचल इलाकों में ग्रामीणों को बचाव सम्बन्धी सतर्कता बरतने के साथ ही त्वरित उपचार के लिए जागरूक किए जाने कहा। उक्त कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सर्पदंश से बचाव एवं उपचार के लिए जागरूक करने सहित आगामी वर्षाकालीन मौसम के दौरान सर्पदंश से होने वाली जनहानि को कम करना है। इस अवसर पर आईडीएसपी के प्रभारी नोडल डॉ वीरेंद्र ठाकुर, डीपीएम डॉ रीना लक्ष्मी और अन्य चिकित्सक मौजूद रहे।





## कलेक्टर और सीईओ ने किया समाधान पेटी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुशासन तिहार के पहले चरण के तहत कलेक्टर हरिस एस और सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन ने दरभा जनपद के नेगानार, कामानार और बास्तानार जनपद पंचायत के कोड़ेनार-01 में समाधान पेटी के माध्यम से ग्रामीणों से ली जा रही आवेदनों की स्थिति का जायजा लिया। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के पहले चरण के तहत 11 अप्रैल तक जिले के सभी ग्राम पंचायत, हाट बाजार, नगर पंचायत बस्तर और नगर निगम जगदलपुर के वार्डों में, कलेक्टर कार्यालय सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है।



## नृत्य परीक्षा में बच्चों ने लिया हिस्सा...



जगदलपुर। घुंघरू अकादमी का कथक नृत्य परीक्षा 7 अप्रैल को संपन्न हुई। इस नृत्य परीक्षा में 70 बच्चों ने भाग लिया।

## देवी मंदिर में मारे कोड़े...





जगदलपुर। चित्रकोट मां दंतेश्वरी गुड्डी जो दंतेवाड़ा दंतेश्वरी मंदिर की छोटी बहन है इसमें परंपरा है कि पुजारी द्वारा हर देवी देव को कोड़ा से मारा जाता है। यह हर वर्ष मेला के साथ जात्रा भी होता है जिसमें 7 परगना आता है मुख्य रूप से पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, सरपंच भंवर मोर्य, पूर्व सरपंच बुटकी घनश्याम ठाकुर, उप सरपंच राकेश मेश्राम, पूर्व सरपंच जटिया लालारामकर नारायण कुटारे आदि शामिल हुए।



## सुशासन तिहार को लेकर ग्रामीणों ने दिखाई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

सुशासन तिहार का प्रदेशव्यापी शुभारंभ आज से हो गया है। ग्राम पंचायत गढ़िया के कार्यालय में सीधे आवेदन लिए गए जनता की समस्याओं के निदान को लेकर सरकार के महत्वपूर्ण इस पहल में लोगों ने पंचायत कार्यालय में लगी समाधान पेटी में अपनी समस्याओं का आवेदन को जमा किया। इस दौरान गढ़िया ग्राम पंचायत के युवा सरपंच भरत कश्यप उपस्थित रहे। ग्राम वासियों को अपने समस्याओं के समाधान पाने इस तिहार से जुड़ लाभ लेने उत्साहित करते रहे। सुशासन तिहार को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है, और लोग अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर उसे ग्राम पंचायत कार्यालयों में लगी समाधान पेटी में जमा कर रहे है। सुशासन तिहार को लेकर लोगों में स्वस्फूर्त उत्साह ग्राम गढ़िया में दिखा। ग्राम गढ़यिा के ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जागरूकता दिखाई। इस दौरान पंच पीलूराम बघेल, निरंजन बघेल,हेमनाथ कश्यप सहित अन्य सदस्यों उपस्थित थे।

## आयुष विभाग की टीम मरीजों के घर पहुंच कर रही स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- मरीजों से दिनचर्या पर पूछा व शुगर, बीपी, वजन की जांच
- डिमरापाल में लगा वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर

आयुष विभाग के शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल की ओर से सोमवार को वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। इसमें वृद्धजनों के निःशुल्क जांच, उपचार के साथ-साथ परामर्श दी गई। मरीज जिनको कोई गंभीर बीमारी है जैसे लकवा, घुटनों का दर्द, अपाहिज या अन्य गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं या जिनकी उम्र भी बहुत ज्यादा हो गई है यह योजना उनके लिए है।

आयुष मंत्रालय भारत सरकार राज्य आयुष से मिलकर सभी गांव-गांव में इस योजना को चला रही है। बस्तर जिले अंतर्गत आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं शासकीय आयुर्वेद औषधालय डिमरापाल के डॉ. ऋचा कटारे, योग शिक्षक श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा सहित फर्मासिस्ट योगेश्वर लाल सोनी, आयुर्वेद सेवक हरेन्द्र मौर्य, महादेव नाग आदि चार लकवा एवं गर्भवती महिला के घर पहुंचे। मरीज के घर में ही पूरा हेल्थ रिकॉर्ड बनाया, उसके बाद शुगर, बीपी, वजन आदि की जांच की। टीम ने डिमरापाल के सरपंच मोती राम कश्यप के घर में उसके पिता, माता का स्वास्थ्य का परीक्षण किया और दिनचर्या पर पूछा, साथ ही साफ-सफाई के बारे में बताया गया। मरीजों को एक बार जांच करने को गया।



जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू ने बताया कि जिले के सभी वेलनेस सेंटर के डॉक्टरों को निर्देश दिया गया कि वे क्षेत्र के मरीजों के घर तक पहुंचकर समझाईश दें और शुगर, बीपी की जांच करें। इसके अलावा मरीजों को घर तक दवाइयां पहुंचाएं।

## डबल इंजन सरकार की पोल खुली : समीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हाल ही में दंतेवाड़ा में आयोजित सरकारी पेंडूम कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी दुर्घटना हुई, जिसमें कई आदिवासी ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। कार्यक्रम में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी के बावजूद प्रशासनिक लापरवाही उजागर हुई। घायल ग्रामीणों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज, जगदलपुर रेफर किया गया, लेकिन वहां भी इलाज में लापरवाही बरती गई। पीड़ितों ने गुहार लगाई कि उन्हें वहीं इलाज मिले, परंतु उन्हें डिमरापाल अस्पताल भेज दिया गया, जहां स्थिति और बदतर हो गई।



आम आदमी पार्टी के बस्तर संभाग प्रभारी समीर खान ने कहा, यह भाजपा की दोहरी राजनीति और डबल इंजन सरकार की असंवेदनशीलता को दर्शाता है। जगदलपुर के डिमरा पाल अस्पताल में भी डॉक्टरों की लापरवाही और प्रशासन की चुप्पी ने आदिवासी समुदाय को फिर उपेक्षित किया है।

आम आदमी पार्टी यह मांग करती है,कि सभी घायल मरीजों को तुरंत उचित इलाज और देखभाल दी जाए।लापरवाह चिकित्सा कर्मियों और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई हो। सरकार आदिवासी ग्रामीणों के साथ संवेदनशील व्यवहार करे और उनकी आवाज सुने।आम आदमी पार्टी पीड़ितों के साथ खड़ी है और उनके न्याय की लड़ाई जारी रखेगी।

# जीवन में लोभ, क्रोध, चिन्ता से दूर रहकर सकारात्मक सोच को अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर


- विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हुआ विधिक साक्षरता शिविर

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के प्लान आफ एक्शन के तहत सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जगदलपुर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश गोविन्द नारायण जांगड़े के मार्गदर्शन पर ग्राम पंचायत साड़गुड़ में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, प्राधिकरण के सचिव सुश्री अंकिता कश्यप द्वारा किया गया। प्राधिकरण के सचिव ने ग्राम पंचायत में उपस्थित ग्रामवासियों को बताया कि अच्छा बोलो, अच्छा देखो और अच्छा करें की सोच अपने दैनिक जीवन में अपनाना चाहिए, जिससे हमारा जीवन तनावमुक्त रह सकेगा। व्यक्ति को वर्तमान में जीना चाहिए, भविष्य के बारे में अनावश्यक चिंता नहीं करना चाहिए एवं सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीना चाहिए। साथ ही यह भी बताया गया कि मानव को अपने जीवन में लोभ, क्रोध, चिन्ता आदि से दूर रहकर सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। सकारात्मक सोच से ही हम अपने एवं सामाजिक जीवन में परिवर्तन ला सकते हैं।



शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र साड़गुड़ द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत के ग्रामवासियों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई। शिविर में ग्राम पंचायत साड़गुड़ के सरपंच, उप सरपंच तथा ग्रामवासियों के साथ-साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स शोभाराम बघेल, यदुराम शार्दुल, गुलाब सिंह, संदीप एवं जगन्नाथ भारती तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र साड़गुड़ के स्वास्थ्य जांच टीम शामिल रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411